Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding restoration of water channels feeding agriculture lands in Pataliputra Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पालीगंज विधान सभा के पालीगंज और दुल्हिन बाजार प्रखण्ड में सोन नहर सिंचाई प्रणाली के तहत चैनल No. 9 और चैनल No. 10 दो प्रमुख चैनल है जिससे सिंचाई की सुविधा किसानों को मिलती है । चैनल No. 9 जिसको मुड़िका वितरणी भी कहते है, वह 27 किमी लंबी है । वहीं चैनल No. 10 जिसको पालीगंज वितरणी भी कहते है, वह लगभग 22 किमी लंबी है ।

विगत कुछ सालों से सोन बराज में पानी की उपलब्धता से दोनों चैनल में पानी तो आता है परंतु अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता है । स्थिति यह है कि दोनों चैनलों में कुल लम्बाई का सिर्फ आधा दूर तक ही पानी मुश्किल से पहुंच पाता है । जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । दुर्भाग्य है विगत एक दशक से इन दोनों चैनलों का पुनर्स्थापन कार्य नहीं हुआ है । प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है कि हर खेत को पानी मिले । जिससे किसानों की आय को दुगुनी करने में सहायता मिलेगी । केंद्र सरकार हर खेत को पानी देने की योजना भी चला रही है ।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र के पालीगंज के मुड़िका वितरणी और पालीगंज वितरणी का पुनर्स्थापन कार्य की योजना की स्वीकृति प्रदान की जाय ।